# भारत का भूगोल
# (India Geography)

## "6. भारत की जलवायु"

1. 'मावठ' जिससे होती है, वह है ...........?
   (a) दक्षिणी – पूर्वी मानसून
   (b) उत्तरी – पूर्वी मानसून
   **(c) पश्चिमी विक्षोभ**
   (d) उत्तरी – पश्चिमी मानसून
2. भारत में वर्तमान की असामान्य मौसमी – अवस्थाओं के लिए उत्तरदायी है ............?
   **(a) अल – नीनो**
   (b) ओजोन – छिद्र
   (c) उष्ण कटिबंधीय चक्रवात
   (d) वायु – प्रदूषण
3. 'रोरिंग फोर्टीज' शब्द प्रयुक्त होता है, इनके लिए –
   (a) समुद्र में ज्वालामुखीय विस्फोटों की ऊँची आवाजें 400 से 600 दक्षिणांश के मध्य।
   (b) नाविकों द्वारा सुनी जाने वाली ऊँची तूफानी आवाजें 400 से 600 दक्षिणांश के मध्य।
   (c) सशक्त समुद्री ज्वार तरगें 400 से 600 दक्षिणांश के मध्य।
   **(d) सशक्त समुद्री हवाएँ 400 से 600 दक्षिणांश के मध्य।**
4. मुम्बई में पुणे की अपेक्षाकृत अधिक वर्षा होती है, क्योंकि?
   (a) मुम्बई एक तटीय शहर है।
   **(b) मुम्बई पवनाभिमुखी है।**
   (c) पुणे में मुम्बई की अपेक्षा वनस्पिति अधिक है।
   (d) पुणे अधिक ऊँचाई पर है।
5. निम्नलिखित में से वे दो राज्य कौनसे हैं, जिनमें लौटते हुए मानसून के दौरान प्राय: चक्रवात आते हैं?
   (a) बिहार और असम
   (b) कर्नाटक और केरल
   **(c) आंध्र प्रदेश और ओड़िशा**
   (d) पंजाब और हरियाणा
6. निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रत्यावर्ती मानसून का अधिक प्रभाव होता है?
   (a) पंजाब
   **(b) तमिलनाडु**
   (c) पश्चिम बंगाल
   (d) ओड़िशा
7. पृथ्वी के घूर्णन के कारण होने वाला पवन विक्षेप (विचलन) क्या कहलाता है?
   **(a) भूविक्षेपी पवन**
   (b) बलात् पवन
   (c) भूमण्डलीय पवन
   (d) आकस्मिक पवन
8. जलवायु के प्रमुख प्रभाव के कारण विशेषीकृत मृदा को निम्नलिखित के रूप में जाना जाता है?
   (a) असुस्तरी मृदा
   (b) अंत:सुस्तरी मृदा
   **(c) सुस्तरी मृदा**
   (d) अंतसुस्तरी मृदा
9. मानसून शब्द की व्युत्पत्ति हुई ........?
   (a) स्पेनिश से
   **(b) अरबी भाषा से**
   (c) आंग्ल भाषा से
   (d) हिन्दी भाषा से
10. भारत में ग्रीष्मकालीन मानसून से निम्नलिखित में से कहाँ वर्षा होती है?
    (a) पूर्वी तट पर
    (b) उत्तर – पश्चिमी भारत में
    (c) पश्चिमी तट पर
    **(d) दक्षिणी – पूर्वी छोर पर**
11. उत्तर – पूर्वी शीत मानसूनी पवनें किस तट के सहारे वर्षा करती हैं?
    (a) कोरोमण्डल तट
    **(b) कोंकण तट**
    (c) कन्नड़ तट
    (d) मलाबार तट
12. निम्नलिखित में से किस राज्य की सबसे लम्बी तट रेखा है?
    **(a) गुजरात**
    (b) केरल
    (c) तमिलनाडु
    (d) महाराष्ट्र
13. नागपुर में वर्षा कम होती है, क्योंकि सह्याद्रि पर्वत के कारण यह ...........?
    **(a) प्रतिपवन पार्श्व में स्थित है।**
    (b) पवनाभिमुख पार्श्व में स्थित है।
    (c) अभिसमुद्र पार्श्व में स्थित है।
    (d) समुद्रतट पार्श्व में स्थित है।
14. भारत की जलवायु की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता कौनसी है?
    **(a) पवनों की दिशा में परिवर्तन।**
    (b) ग्रीष्म एवं शीत कालीन पवनों का प्रभावी होना।
    (c) हवाओं का मौसमी परिवर्तन।
    (d) वर्ष भर लगातार वर्षा।
15. अमृतसर की अपेक्षा निम्न अक्षांश पर स्थित होने के बावजूद शिमला अधिक ठंडा है, क्योंकि ..........?
    **(a) यह उच्च्व तुंगता पर है।**
    (b) शिमला में अत्यधिक हिमपात होता है।
    (c) शिमला में अत्यधिक वर्षा होती है।
    (d) शिमला में वायुदाब अधिक है।

16. दक्षिण-पश्चिम मानसून निम्नलिखित में से किस प्रदेश में सर्वप्रथम प्रवेश करता है?
    **(a) केरल**
    (b) गोवा
    (c) महाराष्ट्र
    (d) तमिलनाडु
17. निम्नलिखित में कहाँ कोपेन की Bhwh जलवायु पाई जाती है?
    (a) श्रीलंका
    (b) मंगोलिया
    **(c) थार रेगिस्तान**
    (d) पैटागोनिया
18. भारत की जलवायु पर निम्नलिखित में से किसका प्रभाव नहीं पड़ता?
    (a) भूमध्य रेखा का सान्निध्य
    (b) हिन्द महासागर का अस्तित्व
    (c) मानसून
    **(d) महासागरीय धाराएँ**
19. यदि भारत में कर्क रेखा के स्थान पर विषुवत् रेखा होती तो यहाँ की जलवायु पर क्या प्रभाव पड़ता?
    **(a) अधिक ताप एवं अधिक वर्षा**
    (b) अधिक ताप एवं कम वर्षा
    (c) कम ताप एवं अधिक वर्षा
    (d) कम ताप एवं कम वर्षा
20. उत्तर-पूर्वी शीत मानसूनी पवनें किस तट के सहारे वर्षा करती हैं?
    (a) कन्नड़ तट
    **(b) कोंकण तट**
    (c) कोरोमण्डल तट
    (d) मलाबार तट
21. निम्नलिखित में से किस स्थान पर सबसे कम वार्षिक वर्षा होती है?
    (a) जोधपुर
    (b) जैसलमेर
    (c) बेल्लारी
    **(d) लेह**
22. भारत के कोरोमण्डल तट पर सर्वाधिक वर्षा होती है ........?
    (a) जून - सितम्बर में
    (b) जनवरी - फरवरी में
    **(c) अक्टूबर - नवम्बर में**
    (d) मार्च - मई में
23. भारतवर्ष में सर्वाधिक वर्षा ............. क्षेत्र में होती है -
    (a) मध्य प्रदेश तथा बिहार
    **(b) पश्चिमी घाट, हिमालय क्षेत्र तथा मेघालय**
    (c) आंध्र प्रदेश तथा विदर्भ
    (d) उत्तर प्रदेश, हरियाणा तथा पंजाब
24. कोपेन के जलवायु विभाजन के अनुसार भारत के किस भाग में लघु गर्म मानसून जलवायु पाई जाती है ...............?
    (a) द.पू. तट
    **(b) उ.प. तट**
    (c) उ.पू. तट
    (d) द.पू. तट
25. भारत में सबसे अधिक तथा सबसे कम वर्षा प्राप्त करने वाले दो राज्यों का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन है?
    (a) केरल तथा राजस्थान
    (b) केरल तथा मध्य प्रदेश
    (c) असम तथा राजस्थान
    **(d) मेघालय तथा राजस्थान**
26. भारत में शीतकालीन पवनों की दिशा क्या होती है?
    (a) दक्षिण - पश्चिम से उत्तर - पूर्व
    (b) दक्षिण - पूर्व से उत्तर - पूर्व
    (c) उत्तर से दक्षिण
    **(d) उत्तर - पूर्व से दक्षिण - पश्चिम**
27. जम्मू-कश्मीर में होने वाली शीतकालीन वर्षा का कारण कौनसा है?
    **(a) पश्चिमी विक्षोभ**
    (b) शीतकालीन मानसून
    (c) लौटता मानसून
    (d) स्थानीय पवन
28. निम्मलिखित में से कौनसा राज्य लौटती मानसून से प्रभावित नहीं होता?
    **(a) उत्तर प्रदेश**
    (b) ओड़िशा
    (c) आन्ध्र प्रदेश
    (d) तमिलनाडु
29. भारत के उत्तर-पश्चिम भाग मे शीतकाल में वर्षा होती है?
    (a) उष्ण कटिबंधीय चक्रवातों से
    (b) झंझावतों से
    (c) लौटते मानसून से
    **(d) पश्चिमी विक्षोभों से**
30. निम्नलिखित में से भारत के किन क्षेत्रों में 200 मिमी. वर्षा होती है?
    (a) असम, मणिपुर, त्रिपुरा
    (b) केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक
    **(c) जम्मू-कश्मीर**
    (d) पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, बिहार
31. निम्नलिखित में से कौन भारतीय मानसून को प्रभावित नहीं करता है?
    (a) जेटस्ट्रीम
    (b) अल-नीनो
    **(c) गल्फस्ट्रीम**
    (d) तिब्बत का पठार

32. मानसूनी जलवायु की प्रमुख विशेषता है -
   (a) मूसलाधार एवं चक्रवातीय वर्षा
   (b) मूसलाधार एवं पर्वतीय वर्षा
   **(c) वायु दिशा में मौसमी परिवर्तन**
   (d) मूसलाधार एवं संवाहनिक वर्षा
33. भारत की सर्वाधिक वर्षा मुख्यत: प्राप्त होती है?
   (a) वापस होते मानसून से
   (b) संवाहनिक वर्षा से
   (c) उत्तर-पूर्वी मानसून से
   **(d) दक्षिण-पश्चिम मानसून से**
34. तमिलनाडु में शरदकालीन वर्षा अधिकांशत: जिन कारणों से होती है, वे हैं........?
   **(a) उत्तरी-पूर्वी मानसून**
   (b) पश्चिमी विक्षोम
   (c) दक्षिणी-पूर्वी मानसून
   (d) दक्षिणी-पश्चिमी मानसून
35. उत्तरी गोलार्द्ध में प्रति-दक्षिणावर्त वायुमंडलीय संचरण क्या कहलाता है?
   **(a) चक्रवात**
   (b) दाब प्रवणता
   (c) टॉरनेडो
   (d) प्रति-चक्रवात
36. निम्नलिखित में से कौनसा क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के दौरान अधिक वृष्टि नहीं प्राप्त करता है।?
   (a) महाराष्ट्र
   (b) पूर्वी हिमालय पर्वत
   (c) छोटा नागपुर पठार
   **(d) तमिलनाडु तट**
37. चेन्नई की जलवायु कोलकाता की जलवायु की तुलना में गर्म क्यों रहती है, जबकि दोनों स्थान समुद्र तट पर स्थित हैं?
   **(a) चेन्नई विषुवत् रेखा के अधिक समीप है।**
   (b) क्योंकि चेन्नई कोलकता की अपेक्षा समुद्र तट से कुछ ही दूरी पर है।
   (c) चेन्नई ठंडी हवाओं के मार्ग में नहीं पड़ता है, जबकि कोलकता पड़ता है।
   (d) चेन्नई के आसपास रेत ही रेत है।
38. दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की अवधि के दौरान तमिलनाडु सूखा रहता है, क्योंकि .........?
   (a) ताप इतना अधिक है कि पवन ठंडी नहीं हो पाती।
   (b) पवन इस क्षेत्र तक नहीं पहुँचती।
   (c) इस क्षेत्र में कोई भी पर्वत नहीं है।
   **(d) यह वृष्टि-छाया क्षेत्र में स्थित है।**
39. दिल्ली में शीतकालीन वर्षा होती है -
   **(a) पश्चिमी विक्षोभ के कारण**
   (b) दक्षिण पश्चिम मानसून के कारण
   (c) उत्तर पूर्व मानसून के कारण
   (d) रूढ़ वर्षा के कारण
40. ग्रीष्मकाल में आने वाले तूफानों को निम्नलिखित में से किस राज्य में काल वैशाखी के नाम से जाना जाता है?
   (a) हरियाणा
   (b) पंजाब
   **(c) पश्चिम बंगाल**
   (d) राजस्थान
41. ग्रीष्मकाल 2013 में किस राज्य में भारी वर्षा और बादल फटने से लगभग 2,000 गाँव, 1,500 सड़कें और 150 पुल तबाह हो गए?
   **(a) उत्तराखण्ड**
   (b) ओड़िशा
   (c) आंध्र प्रदेश
   (d) मेघालय
42. अक्टूबर और नवम्बर के महीनों में कहाँ अधिक वर्षा होती है?
   (a) छोटा नागपुर का पठार
   (b) मालवा का पठार
   **(c) कोरोमण्डल तट**
   (d) पूर्वी पहाड़ियाँ
43. उत्तर-पूर्वी मानसून से सबसे अधिक वर्षा प्राप्त करने वाला राज्य है ...........?
   (a) पश्चिम बंगाल
   **(b) तमिलनाडु**
   (c) ओड़िशा
   (d) असम
44. हालांकि ऐसा कोई एकल सिद्धान्त नहीं है, जो दक्षिणी पश्चिमी मानसून की उत्पत्ति को स्पष्ट कर सके तथापि किसके दौरान पृथ्वी और समुद्र के विशिष्ट तापन ही मुख्य प्रणाली मानी जाती है?
   **(a) गर्मी के महीने**
   (b) चक्रवाती तूफान
   (c) दक्षिणी-पश्चिमी व्यापारिक हवाओं का प्रवाह
   (d) सर्दी के महीने
45. छत्तीसगढ़ में निम्नलिखित में से कौनसा क्षेत्र कम वर्षा प्राप्त करता है?
   (a) पाट क्षेत्र
   **(b) मैकल रेन्ज**
   (c) रायगढ़ पठार
   (d) बस्तर पठार

46. भारत के किस भाग में सर्वाधिक दैनिक तापान्तर पाया जाता है?
**(a) राजस्थान के मरूस्थलीय क्षेत्रों में**
(b) पूर्वी तटीय प्रदेश
(c) छत्तीसगढ़ मैदान के आंतरित क्षेत्रों में
(d) अण्डमान द्वीपों में

47. तमिलनाडु में शरद्कालीन वर्षा अधिकांशत: जिन कारणों से होती है, वे हैं .............?
(a) दक्षिणी-पूर्वी मानसून
**(b) उत्तरी-पूर्वी मानसून**
(c) पश्चिमी विक्षोभ
(d) दक्षिण-पश्चिमी मानसून

48. पूर्व से पश्चिम की ओर किन नगरों का वर्षा की मात्रा का अवरोही क्रम सही है?
(a) दिल्ली, इलाहाबाद, कोलकाता, पटना
(b) इलाहाबाद, दिल्ली, कोलकाता, पटना
(c) पटना, कोलकाता, इलाहाबाद, दिल्ली
**(d) कोलकाता, पटना, इलाहाबाद, दिल्ली**

49. भारत में सबसे कम वर्षा का क्षेत्र है .......?
(a) मध्य प्रदेश का क्षेत्र
**(b) कच्छ से लेकर पंजाब-हरियाणा तक**
(c) उड़ीसा का बालागीर क्षेत्र
(d) पंजाब से लेकर दिल्ली तक

50. भारतीय उपमहाद्वीप पर ग्रीष्म ऋतु में उच्च तापमान एवं निम्न दाब हिन्द महासागर में वायु का कर्षण करते हैं, जिसके कारण प्रभावित होती है .............?
(a) पश्चिमी हवाएँ
(b) व्यापारिक हवाएँ
**(c) दक्षिण-पश्चिम मानसून**
(d) दक्षिण-पूर्व मानसून

51. दक्षिण-पश्चिम मानसून काल में निम्नलिखित स्थानों में से सबसे कम वर्षा कहाँ होती है?
(a) मंगलौर
(b) कोलकता
**(c) दिल्ली**
(d) चेन्नई

52. भारत के पश्चिमी तटों में ग्रीष्म में अति उच्च वर्षा मुख्यत: किसके कारण होती है?
(a) हिमालय
(b) पश्चिमी घाट
**(c) उष्ण कटिंबधीय अवस्थिति**
(d) समुद्र के निकट होना

53. वर्षा ऋतु में वायुमण्डल में सर्वाधिक आर्द्रता विद्यमान रहती है?
**(a) प्रात:काल**
(b) सायंकाल
(c) मध्य रात्रि के समय
(d) मध्याह्न के समय

54. भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में शीतकालीन वर्षा का कारण है ...........?
**(a) पश्चिमी विक्षोभ**
(b) पूर्वी विक्षोभ
(c) स्थानीय झंझावत
(d) लौटता मानसून

55. मासिनराम और चेरापूँजी में अधिक वर्षा होती है, क्योंकि...?
**(a) यहाँ की पहाड़ियाँ कीप की आकृति की हैं।**
(b) यहाँ निम्न दाब रहता है।
(c) यहाँ सदा भाप भरी हवाएँ चलती हैं।
(d) यहाँ वर्ष भर वर्षा होती रहती है।

56. निम्नांकित में से जहाँ वर्षा की सर्वाधिक परिवर्तनशीलता है, वह है ..............?
(a) कर्नाटक
**(b) राजस्थान**
(c) मेघालय
(d) केरल

57. भारत के अकालग्रस्त क्षेत्रों में वर्षा की परिवर्तनशीलता पाई जाती है ..........?
(a) 15% से कम
(b) 20 से 25%
**(c) 50% से अधिक**
(d) 15 से 20%

58. भारत में सूखा जिसका परिणाम है, वह है ............?
**(a) असमान वर्षा**
(b) वर्षा की अच्छी प्रकृति
(c) अनियमित वर्षा
(d) असामयिक वर्षा में

59. दक्षिण-पश्चिमी मानसून हवाओं के पहुँचने के आधार पर सही क्रम कौनसा है?
(a) तिरूवनन्तपुरम, कोलकाता, नागपुर, अहमदाबाद
**(b) कोलकाता, तिरूवनन्तपुरम, नागपुर, अहमदाबाद**
(c) तिरूवनन्तपुरम, अहमदाबाद, कोलकाता, नागपुर
(d) तिरूवनन्तपुरम, नागपुर, अहमदाबाद, कोलकाता

60. स्थानीय आयोजना के लिए कृषि जलवायु क्षेत्रों की प्रस्तावना किसने दी?
(a) ग्रामीण एवं नगरीय योजना संस्थान
(b) कृषि मंत्रालय
(c) पर्यावरण मन्त्रालय
**(d) भरतीय आयोजना आयोग**